न्यायालय सहायक कलक्टर (एस.डी.ओ.) गडरारोड़, जिला बाड़मेर,

पीठासीन अधिकारी सुरेश कुमार–1

राजस्व वाद सं. 84/2024 अन्तर्गत धारा 88, 89 RT Act.

वादीनी	बनाम	प्रतिवादीगण
हिम्मत कंवर पत्नी पृथ्वीसिंह, जाति–राजपूत, नि0 झिंझनियाली, तह0 फतेहगढ़ जिला जैसलमेर		राजस्थान राज्य जरिये तह0 गडरारोड़, जिला बाडमेर

उपस्थित :– 1. श्री ईश्वरसिंह भाटी वकील वादीनी

2. राज पेरोकार तहसीलदार गडरारोड़

निर्णय दिनांक :–15/10/25

वाद के संक्षेप में तथ्य इस प्रकार हैं कि वादी का खातेदारी खेत मौजा–केलनली, पटवार मण्डल–गिराब, तह0 गडरारोड़ के खेत खसरा नम्बर 749/603 रकबा 12.1406 हैक्टेयर का आया हुआ है। वदीनी द्वारा जरिये विक्रय विलेख क्रय की है और उस समय घर पर सामान्य बोलचाल की भाषा में बोले जाने वाले नामों को उस पंजीबद्व दस्तावेज में दर्ज करवा दिया और उसे पंजीबद्व दस्तावेज अनुसार जो नामान्तकरण खोले गये उसमें वादीनी का नाम चन्द्रकवंर पत्नी पृथ्वीसिंह दर्ज हो गया। जबकि वादीनी के अन्य सभी दस्तावेजों में यथा आधारकार्ड, वोटर कार्ड, मार्कशीट, जन आधार कार्ड, बैंक पास बुक, राशन कार्ड, पेन कार्ड में वादीनी का नाम हिम्मत कंवर दर्ज है। वदीनी अपने अन्य सरकारी दस्तावेजों के समरूप राजस्व रैकर्ड में अपना सही नाम हिम्मत कंवर घोषित करवाने हेतु यह वाद प्रस्तुत किया है।

वाद पंजीयन किया गया। प्रतिवादी संख्या 1 तहसीलदार गडरारोड़ ने उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत कर निवेदन किया कि मौजा–केलनली के खसरा नम्बर 749/603 रकबा 12.1406 हैक्टेयर में राजस्व रेकर्ड में चन्द्रकंवर पत्नी पृथ्वीसिंह से हिम्मत कंवर पत्नी पृथ्वीसिंह किए जाने से संबंधित दस्तावेजो का निरीक्षण मोतबरानों तथा अन्य मौजूज लोगों से पूछताछ के आधार पर काश्तकार चन्द्र कंवर पत्नी पृथ्वीसिह से हिम्मत कंवर पत्नी पृथ्वीसिंह नाम दर्ज किया जाना उचित है।

वादीनी वकील की बहस में उल्लेखित तथ्यों से सहमति व्यक्त करते हुए वादग्रस्त भूमि के राजस्व रेकर्ड में वादीनी का नाम चन्द्रकंवर पत्नी पृथ्वीसिह के स्थान पर हिम्मत कंवर पत्नी पृथ्वीसिंह [illegible] किये जाने का [illegible]या है।

हमने वादीनी अधिवक्ता [illegible] तहसीलदार गडरारोड़ से प्रापत मौका रिपोर्ट का गम्भीरतापूर्वक अवलोकन किया [illegible] वादीनी द्वारा प्रस्तुत [illegible] अन्य समस्त दस्तावेजात में उसका नाम हिम्मत कं[illegible] पत्नी पृथ्वीसिंह दर्ज [illegible] किन्तु वादग्रस्त भूमि के राजस्व रेकर्ड में उसका नाम भूलवश चंद्रकंवर पत्नी पृथ्वीसिंह के स्थान पर हिम्मत कंवर पत्नी पृथ्वीसिह दर्ज होना पाया जाता हैं। तहसीलदार गडरारोड़ द्वारा प्रस्तुत जवाब भी वादीनी का वास्तविक नाम हिम्मत कवंर पत्नी पृथ्वीसिह होना,

Signature Not Verified
Digitally signed by Suresh Kumar
Date: 2026.02.18 10:18:52 IST
Reason: SelfAttested

सहायक कलक्टर

लिपिकीय त्रुटि से भूलवश उसका नाम चंद्रकंवर पत्नी पृथ्वीसिंह दर्ज होना साबित है। मौखिक साक्ष्य स्वरूप गवाह के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र मे वादीनी का वास्तविक नाम हिम्मत कंवर पत्नी पृथ्वीसिंह होने की पुष्टि होती है। ऐसी सूरत में वादग्रस्त भूमि के राजस्व रेकर्ड में बतौर खातेदार दर्ज नाम चंद्रकवंर पत्नी पृथ्वीसिंह के स्थान पर हिम्मत कंवर पत्नी पृथ्वीसिह दर्ज किये जाने में कोई आपत्ति प्रतीत नहीं होती है।

लिहाजा वादीनी का वाद स्वीकार किया जाकर ग्राम केलनली, पटवार मण्डल–गिराब, तह0 गडरारोड़ के खसरा नम्बर 749/603 रकबा 12.1406 हैक्टैयर भूमि के राजस्व रेकर्ड की शेष प्रविष्टियां यथावत रखते हुए वादीनी का नाम चंद्रकंवर पत्नी पृथ्वीसिंह के स्थान पर हिम्मत कंवर पत्नी पृथ्वीसिह होना घोषित किया जाता है। तहसीलदार गडरारोड़ को इसी अनुसार राजस्व रेकर्ड में अमलदरामद सुनिश्चित करने के आदेश दियें जाते है। तदनुसार डिक्री पर्चा जारी हो।

सहायक कलक्टर (एस.डी.ओ.)
गडरारोड़, जिला बाड़मेर

सहायक कलक्टर
गडरारोड़

निर्णय आज दिनांक 15/10/21 को सरे इजलास सुनाया गया।
पत्रावली फैसल सुमार होकर दाखिल दफतर हो।

सहायक कलक्टर (एस.डी.ओ.)
गडरारोड़, जिला बाड़मेर

सहायक कलक्टर
गडरारोड़

Signature Not Verified

Digitally signed by Suresh Kumar
Date: 2026.02.18 10:18:52 IST
Reason: SelfAttested